# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या–पी॰आर॰ 165/2022

**(1) इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने हेतु नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के सूचीकृत छात्र/छात्रा का मूल सूचीकरण प्रमाण पत्र जारी करने, (2) शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा मूल सूचीकरण प्रमाण पत्र एवं परीक्षा आवेदन पत्र डाउनलोड कर छात्र/छात्रा को प्राप्त कराने तथा (3) ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा राज्य के +2 स्तर के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के प्रधान, इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले सूचीकृत छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के सूचीकृत सभी छात्र/छात्राओं का समिति द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या– पी0आर0 124/2022, 132/2022 एवं 144/2022 के माध्यम से डमी सूचीकरण प्रमाण पत्र जारी करते हुए उनमें परिलक्षित त्रुटियों के सुधार हेतु अवसर दिया गया था। उक्त के आलोक में शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से डमी सूचीकरण प्रमाण पत्र में किये गये ऑनलाईन त्रुटियों का सुधार एवं परिमार्जन के उपरान्त समिति की वेबसाईट **inter23.biharboardonline.com** पर छात्र/छात्राओं का मूल सूचीकरण प्रमाण पत्र एवं परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र अपलोड कर दिया गया है।

**2.** शिक्षण संस्थान के प्रधान समिति की उक्त वेबसाईट से मूल सूचीकरण प्रमाण पत्र एवं परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र डाउनलोड कर अपने संस्थान के छात्र/छात्रा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। सभी छात्र/छात्रा द्वारा सूचीकरण प्रमाण पत्र में अंकित विवरणी के अनुसार परीक्षा आवेदन पत्र भरकर **दो प्रति में अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान के पास जमा किया जाएगा। इसमें से एक प्रति पर शिक्षण संस्थान के प्रधान अपना हस्ताक्षर, मुहर एवं तिथि अंकित करते हुए छात्र/छात्रा को वापस कर देंगे, ताकि छात्र/छात्रा के पास साक्ष्य के रूप में संधारित रहे। परीक्षा आवेदन पत्र की दूसरी प्रति शिक्षण संस्थान के प्रधान के पास संधारित रहेगा। शिक्षण संस्थान के प्रधान छात्र/छात्रा द्वारा जमा किये गये परीक्षा आवेदन पत्र में भरे गये विवरण के आधार पर अपने संस्थान में** संधारित अभिलेख से भली–भाँति मिलान कर संतुष्ट हो लेंगे कि छात्र/छात्रा द्वारा भरे गये विवरण सही है। तत्पश्चात् **दिनांक 15.09.2022 से 25.09.2022** तक की अवधि में ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरेंगे एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

**3.** विदित है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2021 से नयी विषय योजना लागू है। नये/पुराने विषय योजना के तहत निम्नांकित कोटि के छात्र/छात्रा इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने की पात्रता रखते हैं –

**(I)** इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा सत्र 2021–23 के लिए नामांकित नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के सूचीकृत छात्र/छात्रा;

**(ii)** इन्टरमीडिएट परीक्षा, 2022 में उत्तीर्ण परीक्षार्थी अपने किसी एक अथवा सभी विषयों (जिसमें उत्तीर्णता प्राप्त की है) में प्राप्त अंक को समुन्नत करना चाहें, समुनन्त कोटि के रूप में;

**(iii)** इन्टरमीडिएट परीक्षा सत्र 2020–22 के लिए सूचीकृत छात्र/छात्रा अपने सभी विषयों की परीक्षा देने हेतु पूर्ववर्ती (Ex Regular) कोटि के रूप में;

**(iv)** इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, सत्र 2019–21 के लिए सूचीकृत पूर्ववर्ती (Ex Regular) कोटि के परीक्षार्थी;

**(v)** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इन्टरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी, जो किसी एक अनुत्तीर्ण विषय अथवा जो विषय पूर्व से नहीं रखे हों– क्वालिफाईंग (Qualifying) परीक्षार्थी के रूप में;

**(vi)** इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2021 में अनुत्तीर्ण वैसे परीक्षार्थी, जो अधिकतम दो विषयों में अनुत्तीर्ण रहें हो– कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में;

**(vii)** इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2022 में अनुत्तीर्ण वैसे परीक्षार्थी, जो अधिकतम दो विषयों में अनुत्तीर्ण रहें हो–कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में।

**4.** **इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के लिए (प्रति परीक्षार्थी) निर्धारित परीक्षा शुल्क विवरण निम्नवत् है** :–

| मद | प्रति परीक्षार्थी निर्धारित शुल्क |
|---|---|
| ऑनलाईन शुल्क | रु0 30/– |
| परीक्षा आवेदन–पत्र का शुल्क | रु0 150/– |
| परीक्षा शुल्क | रु0 260/– |
| लोकल लेवी | रु0 450/– |
| अंक–पत्र शुल्क | रु0 170/– |
| औपबंधिक प्रमाण–पत्र शुल्क | रु0 170/– |
| प्रव्रजन (Migration) प्रमाण–पत्र शुल्क | रु0 170/– |
| कुल परीक्षा एवं अन्य शुल्क | रु0 1400/– |
| कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के समुन्नत एवं क्वालिफाइंग परीक्षार्थी के लिए अनुमति शुल्क | रु0 340/– |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के समुन्नत परीक्षार्थी के लिए अनुमति शुल्क | रु0 340/– |
| सिर्फ व्यावसायिक पाठ्यक्रम के परीक्षार्थी के लिए व्यावहारिक परीक्षा शुल्क | रु0 400/– |

**उपरोक्त के अनुसार कोटिवार परीक्षा शुल्क का विवरण निम्नवत् है** :–

| कोटि | मद | कुल परीक्षा शुल्कादि प्रति छात्र |
|---|---|---|
| नियमित/स्वतंत्र, पूर्ववर्ती परीक्षार्थी (जो प्रथमबार आवेदन भरेंगे) के लिए; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क | रु0 1400/– मात्र |
| समुन्नत एवं क्वालिफाईंग परीक्षार्थी के लिए; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (अनुमति शुल्क सहित) | रु0 1740/– मात्र |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के नियमित कोटि के परीक्षार्थी के लिए; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (व्यावहारिक परीक्षा शुल्क सहित) | रु0 1800/– मात्र |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के समुन्नत कोटि के परीक्षार्थी के लिए; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (अनुमति शुल्क एवं व्यावहारिक परीक्षा शुल्क सहित) | रु0 2140/– मात्र |
| व्यावसायिक पाठ्यक्रम के पूर्ववर्ती अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी के लिए; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क (व्यावहारिक परीक्षा शुल्क सहित) | रु0 1460/– मात्र (चूँकि औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं प्रव्रजन प्रमाण पत्र शुल्क देय नहीं है) |
| पूर्ववर्ती अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) के लिए; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क | रु0 1060/– मात्र (चूँकि औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं प्रव्रजन प्रमाण पत्र शुल्क देय नहीं है) |
| इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में (कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में) सम्मिलित होने के लिए; | परीक्षा एवं अन्य शुल्क | रु0 930/– मात्र (i) चूँकि औपबंधिक प्रमाण पत्र एवं प्रव्रजन प्रमाण पत्र शुल्क देय नहीं है (ii) परीक्षा शुल्क का मात्र 50% (प्रतिशत) ही देय है। |

**नोट**– इन्टरमीडिएट कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम के केवल नियमित (Regular) श्रेणी के SC, ST तथा EBC कोटि के छात्र/छात्राओं के द्वारा परीक्षा शुल्क रु0 260/– (दो सौ साठ रुपये मात्र) नहीं दिया जाना है, चूँकि उन्हें इस शुल्क का भुगतान करने से छूट है।

**5.** **परीक्षा आवेदन पत्र के सभी स्तंभ में त्रुटि रहित एवं परिशुद्ध विवरणों को भरने तथा फोटोग्राफ की शुद्धता के संबंध में आवश्यक निर्देश**–

**(i)** आवेदन पत्र में **छात्र–छात्रा/माता/पिता के नाम; विषय; लिंग; वैवाहिक स्थिति;** तथा **जाति कोटि** पूरी शुद्धता के साथ भरा जाए, ताकि परीक्षोपरांत निर्गत होने वाले अंक पत्रादि के विवरणों में किसी भी प्रकार की त्रुटि न रह जाए तथा समिति अभिलेख में सभी विवरण सही–सही संधारित रहे।

**(ii)** आवेदन पत्र में छात्र/छात्रा का **सही रंगीन फोटोग्राफ** लगाया जाए एवं **सही हस्ताक्षर** अंकित किया जाए, ताकि परीक्षोपरांत निर्गत होने वाले अंक पत्रादि में फोटोग्राफ/हस्ताक्षर संबंधी त्रुटि न रह जाए तथा समिति अभिलेख में सही फोटोग्राफ/हस्ताक्षर उपलब्ध रहे।

**(iii)** छात्र/छात्रा, अभिभावक तथा शिक्षण संस्थान के प्रधान उपर्युक्त कंडिका (i) में निर्दिष्ट विवरणों एवं कंडिका (ii) में निर्दिष्ट फोटोग्राफ/हस्ताक्षर की शुद्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेंगें, अन्यथा भविष्य में त्रुटि रह जाने एवं उसके दुष्परिणामों के लिए वे स्वंय जिम्मेवार होंगे।

**6.** **नियमित (Regular) एवं स्वतंत्र (Private) कोटि के परीक्षार्थियों के लिए** :–

इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में नियमित एवं स्वतंत्र कोटि के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं, जिन्हें सत्र–2021–2023 के लिए सूचीकृत किया गया है, उनका ऑनलाईन परीक्षा आवेदन उनके शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा भरा जाएगा एवं परीक्षा के मद में शुल्क जमा किया जाएगा। ऐसे सूचीकृत छात्र/छात्राओं का डाटा संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से समिति के पोर्टल पर देख सकते हैं। इसके अनुसार संबंधित परीक्षार्थी, जिसका ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरा जाना है, उसके नाम के सामने अंकित बॉक्स में क्लिक करते हुए Select कर शिक्षण संस्थान के प्रधान संबंधित परीक्षार्थियों का परीक्षा आवेदन–पत्र भरेंगे।

**7.** **समुन्नत (Improvement) कोटि के परीक्षार्थियों के लिए** –

**(i)** इन्टरमीडिएट परीक्षा, 2022 में उत्तीर्ण छात्र/छात्रा ही किसी एक अथवा सभी उत्तीर्ण विषयों के प्राप्तांक में समुन्नत करने के लिए समुन्नत कोटि के रूप में सम्मिलित हो सकते हैं तथा अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से समुन्नत कोटि के रूप में ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। इस कोटि के परीक्षार्थी का प्रायोगिक विषय/विषयों की परीक्षा आयोजित होगी।

**(ii)** वर्ष 2022 से पूर्व के उत्तीर्ण परीक्षार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र नहीं होंगे।

**(iii)** समुन्नत कोटि में पूर्व के उत्तीर्ण विषय/विषयों में परिवर्तन करने का कोई प्रावधान नहीं है अर्थात् छात्र/छात्रा उसी विषय/विषयों से समुन्नत कोटि की परीक्षा में सम्मिलित होंगे, जिसमें वे पूर्व से उत्तीर्ण हैं।

**(iv)** समुन्नत कोटि के छात्र/छात्रा को परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा शुल्क के साथ–साथ अनुमति लेने का प्रावधान है, जो स्वतः परीक्षा शुल्क के साथ देय होगा। इसके लिए शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा परीक्षा शुल्क के साथ–साथ अनुमति शुल्क भी ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य होगा।

**(v)** समुन्नत कोटि के छात्र/छात्रा के लिए शिक्षण संस्थान के प्रधान अपने पूर्व यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के आधार पर समिति के पोर्टल पर लॉग–इन कर Intermediate Examination, 2023 के लिंक पर जाकर Improvement ऑप्शन सेलेक्ट कर परीक्षा का वर्ष–2022, रौल कोड, क्रमांक और सूचीकरण संख्या अंकित करेंगे, जिससे उस परीक्षार्थी का पूर्ण विवरण पोर्टल पर उपलब्ध हो जाएगा। साथ ही परीक्षार्थी के पूर्व परीक्षा के सभी उत्तीर्ण विषयों को सेलेक्ट करते हुए फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर शिक्षण संस्थान का प्रधान संबंधित अभ्यर्थी का परीक्षा आवेदन भरेंगे।

**8.** **पूर्ववर्ती (Ex) अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों के लिए** –

**(i)** इन्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2021 अथवा 2022 के सूचीकृत छात्र/छात्रा का सूचीकरण संख्या इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 की परीक्षा में पूर्ववर्ती कोटि के रूप में सम्मिलित होने के लिए मान्य है। पूर्ववर्ती कोटि के परीक्षार्थी अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से अपने सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं एवं परीक्षा शुल्क जमा कर सकते हैं।

**(ii)** इस कोटि के परीक्षार्थी को अपने सभी विषयों (सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक) की परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।

**(iii)** इस कोटि के परीक्षार्थी का सूचीकरण की मान्यता लगातार तीन वर्षों के लिए वैध है। इसलिए सत्र 2018–20 अथवा उससे पूर्व के सूचीकृत छात्र/छात्रा का परीक्षा आवेदन पूर्ववर्ती (Ex) कोटि के रूप में कदापि नहीं भरा जाएगा।

**(iv)** शिक्षण संस्थान के प्रधान समिति के पोर्टल पर Intermediate Examination, 2023 के लिंक पर जाकर Ex-Student ऑप्शन सेलेक्ट कर परीक्षार्थी का परीक्षा वर्ष 2021/2022 कोड, क्रमांक एवं सूचीकरण संख्या अंकित करेंगे जिससे उस परीक्षार्थी का पूर्ण विवरण उपलब्ध हो जायेगा। इसके अनुसार परीक्षार्थी का फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर शिक्षण संस्थान के प्रधान संबंधित परीक्षार्थियों का ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरेंगे।

**9.** **क्वालिफाईंग (Qualifying) कोटि के रूप में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के लिए** :–

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इन्टरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण वैसे परीक्षार्थी, जो किसी एक अनुत्तीर्ण विषय अथवा जो उनके द्वारा पूर्व में नहीं रखे गये हों, में उत्तीर्णता प्राप्त करने हेतु इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में क्वालिफाईंग परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होना चाहते हों, तो वे अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं एवं परीक्षा शुल्क जमा कर सकते हैं। इस कोटि के परीक्षार्थी को प्रायोगिक विषय की परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा।

इस कोटि के परीक्षार्थी के लिए शिक्षण संस्थान के प्रधान समिति के पोर्टल पर Intermediate Examination, 2023 के लिंक पर जाकर Qualifying ऑप्शन सेलेक्ट कर परीक्षार्थी की उत्तीर्णता के परीक्षा का वर्ष, कोड, क्रमांक एवं सूचीकरण संख्या अंकित करेंगे। इन्टरमीडिएट की परीक्षा में अनुत्तीर्ण वाले एक विषय अथवा पूर्व में वैसे एक विषय जो उनके द्वारा नहीं रखे गये हों तथा उस विषय में क्वालिफाईंग परीक्षा देना चाहते हों, तो उस एक विषय को सेलेक्ट/अंकित करते हुए फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर शिक्षण संस्थान के प्रधान संबंधित परीक्षार्थी का ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरेंगे।

**10.** **कम्पार्टमेन्टल कोटि के रूप में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के लिए** –

**(i)** इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2021 में अधिकतम दो विषयों में अनुतीर्ण परीक्षार्थी तीसरा अवसर का लाभ लेते हुए तथा वार्षिक परीक्षा, 2022 में अधिकतम दो विषयों अनुतीर्ण परीक्षार्थी दूसरा अवसर का लाभ लेते हुए कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने हेतु अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। **प्रायोगिक विषय की परीक्षा में अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित (Absent) परीक्षार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं रखते हैं। इस कोटि के परीक्षार्थी के प्रायोगिक विषय की परीक्षा नहीं ली जाएगी।** उनके वार्षिक परीक्षा, 2021/2022 में ली गई प्रायोगिक विषय की परीक्षा में प्राप्त अंक को Carry on किया जाएगा। उक्त कोटि के परीक्षार्थी को श्रेणी (Division), ग्रेस अंक एवं अन्य सुविधा का लाभ देय नहीं होगा।

**(ii)** इस कोटि के परीक्षार्थी के लिए शिक्षण संस्थान के प्रधान समिति के पोर्टल पर Intermediate Examination] 2023 के लिंक पर जाकर Compartmental ऑप्शन सेलेक्ट करेंगे। परीक्षार्थी की इन्टरमीडिएट परीक्षा का वर्ष, कोड, क्रमांक एवं सूचीकरण संख्या अंकित करेंगे, जिससे उस परीक्षार्थी का पूर्ण विवरण उपलब्ध हो जाएगा। शिक्षण संस्थान के प्रधान संबंधित परीक्षार्थी के विवरण को जाँच कर Submit करते हुए ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरेंगे।

**11.** इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने हेतु वैसे छात्र/छात्रा जिनका सूचीकरण आवेदन निर्धारित अवधि तक ऑनलाईन भरा गया है और बार–बार दिये गये अवसर के बावजूद अभी तक उसका सूचीकरण शुल्क जमा नहीं किया गया है, उनका औपबंधिक रूप से मूल सूचीकरण प्रमाण पत्र ऑनलाईन जारी किया गया है। परन्तु ऐसे छात्र/छात्रा के परीक्षा शुल्क के साथ बकाया सूचीकरण शुल्क की राशि भी **दिनांक 25.09.2022 तक** जमा करना आवश्यक होगा, अन्यथा उनका प्रवेश–पत्र निर्गत नहीं किया जा सकता है, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान की होगी।

**12.** **ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने हेतु समिति के वेबसाईट पर लॉग–इन करने के संबंध में**– परीक्षा आवेदन ऑनलाईन भरने एवं शुल्क जमा करने हेतु ई–चालान के लिए +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान स्वयं समिति द्वारा उपलब्ध कराये गये यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड के माध्यम से समिति की वेबसाईट **inter23.biharboardonline.com** पर लॉग–इन करेंगे।

**13.** सत्र 2021–23 के सूचीकृत छात्र/छात्रा का Unique ID के साथ सूचीकरण प्रमाण पत्र जारी किया गया है। इन छात्र/छात्रा का ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरते समय विशेष रूप से ध्यान दिया जाय कि किसी छात्र/छात्रा का Unique ID के बिना परीक्षा आवेदन नहीं भरा जाय, अन्यथा उनका परीक्षा आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है। परीक्षा आवेदन भरने में छात्र/छात्रा का मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 भरा जाना है। जिन छात्र/छात्रा का मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 भरा जाएगा, उन छात्र/छात्रा को समय–समय पर परीक्षा संबंधी जानकारी उनके मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 पर मिलती रहेगी। परीक्षा आवेदन पत्र के स्तंभ–12 एवं 13 में छात्र/छात्रा द्वारा "आधार नंबर" से संबंधित सूचना अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।

**14.** **छात्र/छात्रा के रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर के संबंध में** – जिन छात्र/छात्रा का इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरा जाएगा, उस पर संबंधित छात्र/छात्रा का फोटो का साईज एवं प्रकार निम्नवत् रहना अनिवार्य है –

**(i) फोटो का साईज एवं प्रकार** :–

Image Size :- 35 mm X 30 mm का हो। (400-500 KB के बीच jpg/jpeg फॉरमेट में हो)।

Head Size/Face Size :- 25 mm X 20 mm

Background :- Plain White or Light Green

**(ii)** स्कैन किया हस्ताक्षर का नमूना (jpg/jpeg) फॉरमेट (3.5cm width x 1 cm height) में हो तथा आकार 5-20 KB से अधिक न हो।

**15.** **ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने के संबंध में** – समिति की वेबसाईट पर लॉग–इन करने के उपरान्त +2 विद्यालय/महाविद्यालय के पेज पर दाहिने भाग में Intermediate Annual Examination, 2023 का लिंक उपलब्ध रहेगा, जिसे क्लिक करने पर छात्र/छात्रा के उपलब्ध विवरणी की जाँच कर ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने की कार्रवाई करेंगे।

**16.** **छात्र/छात्रा से संबंधित सूचनाओं का सत्यापन** – उपर्युक्त प्रक्रिया के पश्चात् ऑनलाईन भरे गये परीक्षा आवेदन में छात्र/छात्रा का विवरण, अपलोड किये गये फोटो तथा हस्ताक्षर एवं विषय के साथ पूरा परीक्षा आवेदन दिखेगा, जिसकी जाँच +2 विद्यालय/महाविद्यालय के अभिलेखों से मिलान करने के उपरान्त ही परीक्षा आवेदन भरा जायेगा। भरे गये परीक्षा आवेदन के सभी विवरणों को सभी–सही भरे जाने की पूर्ण जिम्मेवारी +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान की होगी।

**17.** **परीक्षा शुल्क भुगतान के संबंध में** :–परीक्षा शुल्क का भुगतान इंडियन बैंक अथवा Axis बैंक के किसी भी शाखा में ई–चालान, डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिग तथा RTGS/NEFT के माध्यम से किया जायेगा।

**18.** इन्टरमीडिएट **वार्षिक परीक्षा, 2023 के लिए परीक्षार्थियों की संख्या सहित जमा किये गए सूचीकरण/अनुमति शुल्क तथा जमा किये जाने वाले परीक्षा शुल्कादि से संबंधित चालान की प्रति जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध कराने के संबंध में** :– सभी +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान को यह निदेश दिया जाता है कि वे इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 के लिए अपने शिक्षण संस्थान के सूचीकृत/अनुमति प्राप्त छात्र/छात्राओं की कुल संख्या सहित जमा किये गए सूचीकरण/अनुमति शुल्क तथा परीक्षा आवेदन एवं शुल्क जमा करने की तिथि समाप्ति के उपरान्त परीक्षा शुल्कादि से संबंधित चालान की सत्यापित छायाप्रति जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

**19.** उत्प्रेषण परीक्षा (Sent-up Examination) के संचालन के उपरान्त +2 विद्यालय/ महाविद्यालय के प्रधान द्वारा उत्प्रेषित (Sent-up) एवं नन उत्प्रेषित (Non Sent-up) या अनुपस्थित छात्र/छात्राओं की अलग–अलग सूची (सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी में) अपने जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में ससमय उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

**20.** **इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 के लिए नियमित, स्वतंत्र एवं क्वालिफाईंग कोटि के जिन छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन ऑनलाईन भरा जाएगा और परीक्षा शुल्क जमा किया जाएगा, उन्हें उत्प्रेषण (Sent-up Examination) की परीक्षा में सम्मिलित होकर उत्प्रेषित होना अनिवार्य होगा।** उत्प्रेषण परीक्षा में अनुपस्थित (Absent) अथवा गैर उत्प्रेषित (Non Sent-up) छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र कदापि जारी नहीं किया जाएगा, जिसके लिए संबंधित छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक स्वयं जवाबदेह होंगे।

**21.** समिति की वेबसाईट **inter23.biharboardonline.com** पर User Manual उपलब्ध रहेगा।

**22.** **जिला शिक्षा पदाधिकारी के स्तर से की जाने वाली कार्रवाई** –जिला शिक्षा पदाधिकारी अपने जिला में अवस्थित मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के प्रधानों की बैठक आहूत कर उन्हें छात्र/छात्राओं का ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरे जाने हेतु सभी नियमों से अवगत कराते हुए उसका दृढ़ता से अनुपालन करने के संबंध में निदेशित करेंगे। साथ ही वर्तमान सत्र 2021–2023 के लिए मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में छात्र/छात्राओं का नामांकन OFSS के माध्यम से किया गया हो और किसी कारणवश शिक्षण संस्थान की मान्यता निलंबित/रद्द की गई हो और ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरे जाने की प्रक्रिया के परिप्रेक्ष्य में कोई मामला सामने आता हो, तो जिला शिक्षा पदाधिकारी पूर्व की भाँति किसी निकट के मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से निलम्बित/रद्द वाले महाविद्यालय/+2 विद्यालय के विद्यार्थियों को सम्बद्ध कर ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरवाने एवं तत्संबंधी शुल्क जमा कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए समिति को भी प्रतिवेदित करेंगे।

**23.** यहाँ यह विशेष रूप से अंकनीय है कि राज्य में कोविड–19 के संक्रमण से बचाव के लिए सरकार के द्वारा विस्तृत दिशा–निदेश निर्गत किये गये हैं, जिससे सभी शिक्षण संस्थान के प्रधान अवगत हैं। इस परिदृश्य में छात्र/छात्रा द्वारा भरे गये परीक्षा आवेदनों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए शिक्षण संस्थान में पर्याप्त संख्या में काउन्टर लगाये जायें, जिसमें सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन कठोरतापूर्वक सुनिश्चित किया जाय। परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने के लिए उपस्थित होने वाले छात्र/छात्राएँ पर्याप्त आपसी दूरी पर पंक्तिबद्ध रहकर फॉर्म जमा करेंगे। प्रत्येक काउन्टर पर सैनिटाईजर की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जायेगी। शिक्षण संस्थान के प्रधान यह भी सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा आवेदन पत्रों को जमा कराने के क्रम में अनावश्यक भीड़ न हो तथा उपस्थित छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक यत्र–तत्र न थूकें एवं मास्क लगाकर सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करते हुए पूरे अनुशासित तरीके से अपने–अपने परीक्षा आवेदनों को निर्दिष्ट काउन्टरों पर जमा करें।

**24.** ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने या परीक्षा शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति की **हेल्पलाईन नं0–0612–2230039** अथवा E-mail ID : **reg.bsebhelpdesk@gmail.com** पर सूचित कर परीक्षा आवेदन भरने से संबंधित समस्या का निराकरण कराया जा सकता है।

वर्णित आलोक में सभी शिक्षण संस्थान के प्रधान, छात्र/छात्रा एवं उनके अभिभावक से अनुरोध है कि इस महत्वपूर्ण कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा आवेदन पत्र **दिनांक 15.09.2022 से 25.09.2022 तक** ऑनलाईन भरने/ भरवाने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

**परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)**